# NMHS Plan “Community based human-snake conflict mitigation in Kumaon Himalayas of Uttarakhand, India ”

दिनांक 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मिशन हिमालयन स्ट्टडीज अन्तर्गत हल्द्वानी जू एण्ड सफारी, हल्द्वानी के माध्यम से संचालित विषयक परियोजना NMHS Community based human-snake conflict mitigation in Kumaon Himalayas of Uttarakhand, India अन्तर्गत तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी के गौला रेंज अन्तर्गत ग्राम तल्ला बागजाला, मल्ला बागजाला, देवलातल्ला व देवलामल्ला के ग्रामीणवासियों द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि ई किरीट कुमार, नोडल अधिकारी, जी.बी. पन्त नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवारनमेंट एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट, कोसी–कटारमल, अल्मोड़ा थे, उनके द्वारा **''सामुदाय आधारित मानव सॉप संघर्ष जागरूकता कार्यक्रम''** ग्रामवासियों का मूल्यांकन किया व ग्रामवासियों से सॉपों के बारे में जानकारी ली गयी तथा सॉपों के बारे में आने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली गयी और यह भी अवगत कराया गया कि सॉपों से सम्बन्धित भविष्य में आने वाली समस्याओं का उच्चस्तर को अवगत कराकर जल्दी से जल्दी समस्या का निस्तारण किया जायेगा। ई किरीट कुमार, नोडल अधिकारी द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों का फीडबैक लेते हुए राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण एवं सतत् विकास संस्थान नामक एक प्रपत्र भराया गया जिसे ग्रामवासियों ने संतुष्टि के आधार पर अपना फीडबैक दिया।

हल्द्वानी जू एण्ड सफारी, हल्द्वानी द्वारा पूर्व प्रशिक्षण के दौरान ग्रामवासियों को सॉप संघर्ष एवं जागरूकता कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई थी।

मूल्याकंन के दौरान हल्द्वानी जू एण्ड सफारी, हल्द्वानी के श्री डी.एन. सुनाल, उपराजिक, श्री आशुतोष सती, श्री ललित मोहन पालीवाल, वन दरोगा श्री अतुल भगत, श्री बिनोद जोशी, वन आरक्षी श्री यशपाल, श्री गिरीश, श्री भीम सिंह, फील्ड स्टॅाफ व उच्चतर माध्यिमक विद्यालय, बागजाला, गौलापार व तल्ला बागजाला, मल्ला बागजाला, देवलातल्ला व देवलामल्ला के स्थानीय लोग मौजूद थे।

